वर्ष- 21 अंक - 325 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 11 मई 2026




## सोना, पेट्रोल-डीजल पर मोदी की अपील से
# खौफ में शेयर बाजार

**मुंबई.एजेंसी।** शेयर बाजार में आज तगड़ी गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स खुलने के साथ ही क्रैश हो गए। अमेरिका-ईरान जंग और क्रूड की कीमत में आए उछाल ने बाजार पर दबाव बनाया। इसके अलावा मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल को बचाने की अपील से भी शेयर बाजार में डर देखने को मिला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स इंडेक्स अपने पिछले बंद की तुलना में 944 अंक की बड़ी गिरावट लेकर ओपन हुआ, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स भी ओपनिंग के साथ ही 275 अंक फिसल गया। मोदी की अपील के कारण सोना चांदी के बाजार में भी उठापटक हो सकती है।

## ट्रम्प ने जंग रोकने के लिए ईरान का प्रस्ताव ठुकराया

वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकार नहीं किया सकता।' इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान का प्रस्ताव ठुकराया था। अमेरिका ने ईरान के सामने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी है। उधर ईरान ने भी धमकी दी है कि अगर अमेरिका हमारी शर्त नहीं मानता है तो युद्ध जारी रहेगा।

## थूक लगाकर बना रहा था पिज्जा

**नोएडा.एजेंसी।** नोएडा के चौड़ा गांव में एक पिज्जा दुकान का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। वीडियो में दुकान संचालक पर पिज्जा बेस पर थूककर उसे तैयार करने का आरोप लगाया गया है।

# प्लेन के पहिए में लगी आग बाल-बाल बची 277 जान

काठमांडू. ● एजेंसी

**इस्तांबुल से काठमांडू पहुंचे टर्किश एयरलाइंस के विमान में आज सुबह करीब पौने सात बजे लैंडिंग के वक्त आग लग गई। विमान के पहियों से आग की लपटें उठते ही दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई कर इसे कंट्रोल कर लिया। विमान में 4 बच्चों सहित कुल 277 यात्री सवार थे। यात्रियों को बचाने के लिए विमान के इमरजेंसी दरवाजे खोले गए और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।**




रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कुछ यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं। हादसे के बाद टर्किश एयरलाइंस का विमान रनवे पर ही रुक गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हुआ। बड़े विमानों के लिए रनवे उपलब्ध न होने की वजह से कई फ्लाइट्स आसमान में ही होल्ड पर रखी गईं। दिल्ली से पहुंचे एयर इंडिया के विमान को भी आसमान में चक्कर काटने पड़े।

## आज मोदी करेंगे सोमनाथ का कुंभाभिषेक



गिर सोमनाथ ● एजेंसी

भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम कहे जाने वाले सोमनाथ महादेव के दरबार में 'सोमनाथ अमृत पर्व' मनाया जा रहा है। इस अमृत पर्व का मुख्य आकर्षण मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर होने वाला पहला 'कुंभाभिषेक' है। आज सोमनाथ मंदिर के इतिहास में पहली बार मंदिर के शिखर पर 11 तीर्थों के पवित्र जल से कुंभाभिषेक किया जाएगा। इस खास अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

हेलीपैड से मंदिर तक उनका रोड शो होगा। इसके बाद वह सोमनाथ मंदिर पहुंचेंगे जहां विशेष यज्ञ में आहुति देंगे। उनकी मौजूदगी में विशेष पूजा-अर्चना भी होगी। इसके बाद 11 तीर्थ स्थानों से लाए गए जल से महा कुंभाभिषेक होगा।

## हिंदू बेटियों पर हिजाब का दबाव बेटों को पहनाई टोपी, 3 टीचर सस्पेंड

**संभल.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के जालब सराय स्थित पीएम श्री सरकारी स्कूल में मुस्लिम शिक्षकों द्वारा मजहबी गतिविधियां चलाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी शिक्षक अंजर अहमद और मोहम्मद गुल एजाज ने हिंदू छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाने, सजदा कराने और छात्रों को इस्लामिक टोपी पहनकर आने के लिए प्रोत्साहित किया। फरवरी से चल रही इन गतिविधियों का वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने दो शिक्षकों व प्रभारी प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया।

## पाकिस्तानी मुनीर ने फिर दी धमकी

**रावलपिंडी.एजेंसी।** पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगलने लगा है। रावलपिंडी में जनरल हेडक्वार्टर में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि अगर भविष्य में 'दुश्मनों' की ओर से किसी तरह का दुस्साहस किया गया तो इस बार युद्ध का असर सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उसके नतीजे बेहद खतरनाक और दर्दनाक होंगे।

## सोना न खरीदने की मोदी की अपील पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण देश की अर्थव्यवस्था न बिगड़े इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 1 साल तक सोना न खरीदने, विदेश यात्रा न करने और पेट्रोल कम जलाने की अपील की। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह उपदेश नहीं बल्कि नाकामी का सबूत है। मोदी ने 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया कि अब यह बताना पड़ रहा है कि क्या खरीदें, कहां जाएं, कहां न जाएं।

## खाई में गिरी पर्यटकों की गाड़ी 6 की मौत, कई घायल

**चंबा.एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में आज सुबह गुजरात के पर्यटकों की गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 6 पर्यटकों की मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। पहाड़ी रास्ते पर तेज रफ्तार और मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ...



### सड़क हादसे में तेलुगु अभिनेता का निधन

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलुगु अभिनेता भरत कांत का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। इस दौरान उनके साथ प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर जी साई त्रिलोक भी मौजूद थे। दोनों की कार की ट्रक से भिड़ंत में मौके पर ही मौत होने की खबर सामने आ रही है। घटना हैदराबाद आउटर रिंग रोड पर हुई।

### बंगाल का सचिवालय भी हुआ भगवा

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की पहली बैठक होने जा रही है। इस बैठक में बंगाल के तमाम जरूरी मुद्दों पर चर्चा होगी। कैबिनेट मीटिंग से पहले बंगाल के सचिवालय को भगवा रंग में रंग दिया गया है।

### शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस को बताया अवसरवादी

**मुंबई.एजेंसी।** शिव सेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अवसरवादी राजनीति करती आई है और सत्ता में आने के लिए हर मौके की तलाश में रहती है। निरुपम ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक दक्षिण भारत की पार्टी डीएमके के साथ गठबंधन में रही, लेकिन जैसे ही वहां राजनीतिक हालात बदले और नई पार्टी टीवीके उभरकर सामने आई, कांग्रेस ने अपना रुख बदल लिया।

### एसआईआर के कारण बंगाल में भाजपा, केरल में कांग्रेस जीती



**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुए चुनाव की प्रक्रिया पर तीखे सवाल उठाए हैं। थरूर ने कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने की वजह से बीजेपी को फायदा हुआ है। यही फायदा कांग्रेस को केरल में भी हुआ है।

## हालात-ए-गणतंत्र

हम वहीं थे
पत्रिका के अमृतम जलम् अभियान में
स्थल कृष्णपुरा छत्री इंदौर
महापौर जी भी थे
दीपू यादव जी भी थे
अनूप शुक्ला जी थे
कई गणमान्य पर्यावरण प्रेमी भी थे
अच्छी पहल है पत्रिका की




शपथ भी दिलाई गई
पर खान नदी को देखकर
मन द्रवित था
नदी की सफाई पर
सैकड़ों करोड़ों खर्च होने के बाद भी
बदबू दार नाला ही है
जहाँ नाव चलाने की बात थी
वहाँ खड़ा रहना मुश्किल है
आखिर इतना पैसा लगाने के बाद भी
हम असफल क्यों है ?
कोई तो बताएं
खैर छत्रियां भी अपनी दुर्गति दुर्दशा पर
रो रही है
पत्रिका समूह का धन्यवाद
जनजाग्रति के लिए
इस हालत को देखते हुए मुझे लगता है
गांव- शहर और देश को
किसी अंतरराष्ट्रीय इंटीरियर करने वालों को
सौप देना चाहिए
जनता थक गई हैं
एक सड़क को चार बार खुदते देखना
90 डिग्री के पुल
हलकट सड़कें
गड्ढे ही गड्ढे
बिना सोचे समझे बनाई सड़कें
इससे दुर्घटनाएँ घट रही है
बे मौत मर रहे है
बेतरतीब स्पीड ब्रेकर
सबकुछ बेअकल कारनामें
अच्छा है संस्थान अपना कमीशन काटकर
विदेशी कंपनियों को काम सौंप दे
देश सुधर जाएगा

**नकुल रतन पाटोदी**
**9926700088**

# जैन सामाजिक संसद के उपाध्यक्ष ने इस्तीफा देकर किया किनारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगम्बर जैन सामाजिक संसद के अनुमोदित अध्यक्ष द्वारा बनाए गए उपाध्यक्ष आनन्द जैन कासलीवाल ने अपने दायित्व वाले उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर बताया कि जैन समाज आज फिर दो संसद के बीच ठगा महेसूस कर रहा है। दोनों संसद को एक करने के लिए प्रयास किए गए थे उसी आधार पर अनुमोदित अध्यक्ष का चुनाव किया गया था। यह तय हुआ था कि सभी विसंगतियों को दूर किया जाएगा और एक ही अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। कासलीवाल ने कहा कि कई प्रयासों के बावजूद ऐसा नहीं हो सका और अनुमोदित अध्यक्ष के बाद एक और सामाजिक संसद के चुनाव की घोषणा हो गई थी और चुनाव भी हो गए। कई बार समाज को गुमराह करने के काम किए गए। अब संविधान संशोधन की बात की जा रही है, जबकि संविधान संशोधन के लिए कोई वैधानिक और नैतिक अधिकार प्राप्त नहीं है। दिगम्बर जैन मंदिर पर सामाजिक संसद का बेस आधारित है, जिसकी प्रक्रिया वरिष्ठजनों द्वारा शुरू की गई थी। ऐसे में अब मंदिर के बजाए घर-घर से वोटर बनाना और संविधान संशोधन करना गलत है। संविधान संशोधन के लिए मंदिर प्रतिनिधियों का दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है, जो वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। जब स्वयं संबंधित लोगों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेकर निर्वाचित अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधियों को मान्यता दे दी है, तब उन्हें संविधान संशोधन का अधिकार किसने दिया? आनंद कासलीवाल ने इस्तीफा देने के बाद यह भी आरोप लगाया कि सामाजिक संसद के पदाधिकारियों को गुमराह कर संगठन के मूल स्वरूप को बदलकर उसे राजनीतिक संगठन का रूप देना चाहते हैं। सामाजिक संसद के मूल संविधान और उसकी धार्मिक, सामाजिक भावनाओं को बदलने का अधिकार नहीं है। अगर पूरे समाज को मतदान का अधिकार देना है तो उसके लिए अलग सामाजिक संगठन बनाया जा सकता है। संविधान संशोधन के पहले कोर कमेटी में प्रस्ताव जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है, कुछ चुनिंदा लोग स्क्रिप्ट बनाकर बिना पारदर्शिता के खेल भी रहे हैं और खिलवा भी रहे हैं, जो पूर्णतः गलत और असंवैधानिक प्रक्रिया है। इसीलिए मैं इस गलत कार्य पर सामाजिक संसद के वर्तमान उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं। कासलीवाल ने यह भी लिखा कि वर्तमान परिस्थितियों एवं असंवैधानिक प्रक्रियाओं को देखते हुए मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि इससे न तो समाज का हित होने वाला है और न ही समाज में एकता स्थापित हो सकेगी। संविधान विरोधी और समाज विरोधी गतिविधि के कारण मैं उपाध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। उक्त पूर्ण जानकारी आनन्द जैन कासलीवाल ने इस्तीफा देने के बाद सिटी ब्लास्ट को बताई।



## 11 स्थानों पर जनसंवाद और डेढ़ करोड़ की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा 1 के वार्ड 3 में करीब डेढ़ करोड़ रु. के कार्यों का लोकार्पण कर विकास कार्यों की सौगात दी। 11 स्थानों पर जनसंवाद भी किया गया। वार्ड के कालानी नगर क्षेत्र में नवीन सीमेंटीकरण कार्य और ड्रेनेज लाइन निर्माण का भूमिपूजन और बेक लेन के सीमेंटीकरण कार्य का लोकार्पण भी किया गया। जनसंवाद कहीं घर पर, तो कहीं स्कूल में तो कहीं उद्यान में किया गया। क्षेत्र में चल रही भागवत कथा में पहुंचकर आकाश विजयवर्गीय ने व्यासपीठ का पूजन किया। बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फुले के विचारों को लेकर वर्ष भर काम करेंगे



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** न्यू देवास रोड समाचार पत्र कार्यालय में निःशुल्क शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों ने बैठक भी आयोजित की। अब ज्योति फुले के विचारों को युवाओं, छात्र और बस्तियों में पहुंचकर वहां जानकारी दी जाएगी। इस कार्य के लिए बकायदा संयोजक समिति का गठन भी किया गया, जिसमें राहुल निहोरे और प्रमोद नामदेव का नाम रखा गया। निहोरे ने जिम्मेदार पद के बाद कहा कि वे वर्ष भर महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को लेकर हम काम करेंगे। इसी क्रम में स्कूल-कॉलेज में प्रतियोगिताएं जैसे भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि कराई जाएगी मोहल्ले में फिल्म शो और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को उनके विचारों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदीप आरबी भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस में दोहरी मानसिकता का आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्लॉक अध्यक्ष पद पर से राहुल धाकरे को पत्रकार की पोस्ट पर टिप्पणी को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष पद से मुक्त किया गया। धाकरे पर आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी पर टिप्पणी की गई है। आनन-फानन में धाकरे को पद से हटाया गया। अब धाकरे समर्थक सोशल मीडिया पर जमकर लिख रहे हैं और बता रहे हैं कि प्रदेश कांग्रेस में दोहरी मानसिकता क्यों चल रही है, बड़े नेताओं पर अनुशासनहीनता की कोई कार्रवाई नहीं होती है और छोटे कार्यकर्ताओं पर कारण बताओ नोटिस भी जारी नहीं होते हैं और सीधे पद मुक्त कर दिए जाते हैं। धाकरे समर्थकों का मानना है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने गुट के लोगों पर अनुशासनहीनता की कोई कार्रवाई नहीं करते हैं और जो ब्लॉक अध्यक्ष राहुल धाकरे अच्छा काम कर रहे थे उन्हें हटा दिया गया यह दोहरी मानसिकता है। एक बड़े नेता पर पद के जिम्मेदार का वीडियो भी वायरल हुआ था उसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस से लेकर दिल्ली आलाकमान तक को की गई थी, तब प्रदेश कांग्रेस का प्रेम नहीं जागा था। कोई अनुशासनहीनता की कार्रवाई नहीं की गई थी। प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी संजय दत्त के सामने गांधी भवन में पूर्व में युवक कांग्रेस के नेता की पिटाई की गई थी, वहां डंडे चले थे तब भी कोई अनुशासनहीनता की कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद द्वारा खुलेआम कांग्रेस पार्टी और अध्यक्ष जाए भाड़े में वीडियो वायरल हुआ, लेकिन आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। धाकरे समर्थकों का कहना है कि धाकरे पहले भी कार्यकर्ता थे और अभी भी कार्यकर्ता बन गए, कोई फर्क नहीं पड़ता है, अभी भी काम करेंगे। कुछ अन्य समर्थकों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इंदौर शहर में समानान्तर कांग्रेस चलाई जा रही है। बकायदा पदाधिकारी बनाकर ज्ञापन, प्रदर्शन किए जा रहे हैं, फिर भी कोई कार्रवाई पटवारी द्वारा नहीं हो रही है। क्या ऐसे ही संगठन चलेगा।

## हिन्दुत्व के एजेंडे पर समूचे राष्ट्र में शुभेंदु अधिकारी

### यदि बंगाल में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अपनी पूर्ण शक्ति से खड़ा हुआ

### योगी और हेमंत बिस्वा पर भी पड़ जाएंगे भारी, ये हिन्दुत्व का है ट्राइंगल

योगी आदित्यनाथ, हेमंत बिस्वा शरमा और शुभेंदु अधिकारी- ये केवल तीन चेहरे नहीं हैं। ये वर्तमान भारत में उभरते उस हिन्दुत्ववादी राष्ट्रवाद के तीन कोण हैं, जिसने सांस्कृतिक चेतना को फिर केंद्र में ला खड़ा किया है।

एक उत्तर भारत से, एक पूर्वोत्तर से और एक बंगाल से। मानो भारत के तीन छोर मिलकर हिन्दुत्व का वैचारिक त्रिकोण बना रहे हों। यह केवल वैचारिक त्रिकोण नहीं, बल्कि भारत के अलग-अलग सांस्कृतिक और भू-राजनीतिक क्षेत्रों में उभरती हिन्दुत्ववादी चेतना का प्रतीकात्मक 'ट्राइंगल' भी प्रतीत होता है।

तीनों की पृष्ठभूमि अलग है। तीनों की राजनीतिक यात्राएं अलग हैं। लेकिन तीनों का अंतिम वैचारिक केंद्र एक ही है- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद।

योगी आदित्यनाथ धार्मिक-सांस्कृतिक आक्रामकता का प्रतीक बने। हेमंत बिस्वा शरमा ने पूर्वोत्तर में राष्ट्रवाद को प्रशासनिक दृढ़ता से जोड़ा और अब शुभेंदु अधिकारी बंगाल में सांस्कृतिक प्रतिरोध को राजनीतिक शक्ति में बदलते दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि यह केवल तीन नेताओं का समूह नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी हिन्दुत्व चेतना का 'ट्राइंगल' प्रतीत होता है। एक ऐसा ट्राइंगल, जिसके केंद्र में सत्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा का भाव है और यदि बंगाल में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अपनी पूर्ण शक्ति से खड़ा हुआ, तो आने वाले समय में शुभेंदु अधिकारी हिन्दुत्व के प्रश्न पर योगी और हेमंत बिस्वा शरमा से भी भारी पड़ सकते हैं। क्योंकि बंगाल केवल एक राज्य नहीं, हिन्दू सांस्कृतिक चेतना की ऐतिहासिक भूमि है। यदि यहां वैचारिक राष्ट्रवाद स्थायी रूप से स्थापित हुआ, तो उसका प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तक बदल सकता है।

**-अंशुल पंडित**



## युवा कांग्रेसी ने लिया मां पिताम्बरा का आशीर्वाद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब के दतिया प्रवास के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के करीबी और प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव चेतन चौधरी ने भी दतिया स्थित मां पिताम्बरा शक्तिपीठ में दर्शन कर मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान शहर के अन्य युवा कांग्रेसी भी चौधरी और राष्ट्रीय अध्यक्ष चिब के साथ मौजूद रहे।






# माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पद पर हो गया मतदान

## बाकी पदाधिकारी और कार्यसमिति भी हुई घोषित, पूर्व अध्यक्ष हुए पदेन, पूर्व कोषाध्यक्ष की हुई हार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट आनंदम के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही थी और कल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पद को लेकर मतदान की स्थिति बन गई। उपाध्यक्ष पद के दावेदार घनश्याम झंवर पहले से सक्रिय थे और कल उनके सामने मांगीलाल कासट आ गए और मतदान की स्थिति बन गई। बताया गया कि पहले से घनश्याम झंवर का नाम तय हो गया था, लेकिन ट्रस्ट से जुड़े तीन प्रभावी लोगों ने आखिरी के तीन से चार दिनों में मांगीलाल कासट का नाम सामने किया, जिससे मतदान की नौबत सामने आई। आखिरकार दोनों उपाध्यक्ष को पता रहा कि कितने मत मिले हैं, लेकिन सबके सामने हार-जीत का आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया। इस तरह घनश्याम झंवर चुनाव जीत गए। इस तरह पूर्व कोषाध्यक्ष मांगीलाल कासट की हार हो गई। बाकी पद निर्विरोध हो गए, जिनमें अध्यक्ष केदारमल जाखेटिया, उपाध्यक्ष घनश्याम झंवर, सचिव भरत सारडा, कोषाध्यक्ष अश्विन लखोटिया, सहसचिव दिनेश परवाल पदाधिकारी बने। ट्रस्ट बोर्ड के सदस्यों का चयन भी कल किया गया। इसके लिए चुनाव अधिकारी कमलनारायण भुराड़िया, सुनील राठी, सुनील माहेश्वरी बनाए गए थे। चुनाव के बाद चुनाव अधिकारियों का सम्मान भी किया गया और नव निर्वाचित पदाधिकारियों का बहुमान किया गया और इस तरह इस ट्रस्ट बोर्ड के गठन के बाद यह प्रक्रिया श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट आनंदम की हुई। कार्यकारिणी में अजय सोडानी, सत्यनारायण मंत्री पप्पू, अश्विनी लखोटिया, भरत सारडा, सुभाष राठी, बसंत खटोड़, गिरीश सारडा, गोविंद बेड़ियां, केदार हेडा, कल्याणमल मंत्री, मुकेश कचोलिया, पवन भलिका, दिनेश परवाल, केदारमल जाखेटिया, मांगीलाल कासट, प्रेम माहेश्वरी, सुमित काबरा, सुरेश नूहाल, बीडी भट्टड़, दीपक भूतड़ा, जयंत गुप्ता, केदार सारडा, मनोज धूत, लीलाधर माहेश्वरी, राजेंद्र मंत्री, साधना सोडाणी, सुरेश काकाणी सहित अन्य लिए गए। वहीं पदेन सदस्य में रामेश्वरलाल असावा, रामअवतार जाजू, गिरधरलाल सारडा, श्रीनिवास मालपानी रहेंगे। इधर कार्यसमिति में कई नामांकन दाखिल किए गए थे, जिनके फार्म भी वापस हुए, तब यह पद निर्विरोध हुए।



# पार्षद के साथ भाजपाइयों ने किया मुक्तिधाम कार्य का निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 16 की पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने छोटा बांगड़दा रोड स्थित मुक्तिधाम पर चल रहे विकास कार्य को लेकर भाजपाइयों के साथ निरीक्षण किया। वहीं मुक्तिधाम वाले मुख्य मार्ग निर्माण को भी पार्षद धारकर और मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा, चेतन पंवार, आशीष शुक्ला ने देखा और कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# प्रधानमंत्री की अपील भाजपा और गठबंधन सरकारों पर तत्काल लागू हो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा प्रदेश में भी हो अमल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपील की है कि कम से कम पेट्रोल-डीजल की गाड़ियों का उपयोग हो। एक साल तक कम पेट्रोल-डीजल खर्च करे, गोल्ड भी नहीं खरीदें, इस बयान का व्यापक असर दिखाई दे रहा है। इस बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि देश भर में 21 राज्य ऐसे हैं, जहां भाजपा या भाजपा गठबंधन की सरकार है। यह अपील का असर सबसे पहले वहां हो। इनमें म.प्र. सरकार भी नियम लागू करें। द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह मंत्रिमंडल के मंत्री, निगम मंडल के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और यहां तक कि सभी वरिष्ठ अधिकारी और अन्य निकाय के पदाधिकारियों को भी निर्देशित करें कि वे डीजल-पेट्रोल के वाहनों का उपयोग बिल्कुल बंद कर दें या फिर एक वाहन में सामूहिकता के रूप में उपयोग करें। जो-जो वाहन किराये के चल रहे हैं सबसे पहले वे बंद किए जाए, सरकारी वाहनों को जमा कराया जाए, भाजपा के जनप्रतिनिधियों के अलावा भाजपा नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी भी वाहनों का उपयोग बंद कर साइकल चलाए, पैदल घूमे, घर पर बैठकर काम करें और प्रधानमंत्री के वर्क फ्राम होम का पालन करें। द्विवेदी ने कहा कि जहां-जहां भाजपा और भाजपा गठबंधन की सरकार है वे नियम पालेंगे तो अन्य भी यह नियम पालेंगे। द्विवेदी ने कहा कि अगर प्रदेश की भाजपा सरकार इसकी शुरूआत करेगी तो असर इंदौर तक दिखाई देगा और पूरे प्रदेश के साथ इंदौर में भी बड़ा खर्च ईंधन का बचेगा। द्विवेदी ने यहां तक कहा कि क्या केन्द्र सरकार के मंत्री और अधिकारी से लेकर अन्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी विदेश जाने से बचेंगे। क्या सरकार अधिकारियों से वर्क फ्राम होम करवाएगी।

# शिवसेना ने दिखाई खाटू श्याम बाबा की भक्ति, भजन पर हुआ धार्मिक नृत्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शिवसेना की युवा विंग अध्यक्ष धनराज दामके ने बताया कि कल खाटू श्याम बाबा के श्रृंगार, ज्योत और दिव्य दर्शन के अलावा भजन संध्या का आयोजन ट्रेजर टाउन बिजलपुर के सामने गोकुलधाम सोसायटी के पास मल्टी में किया गया। बड़ी संख्या में शिवसैनिक और रहवासी मौजूद रहे। मातृशक्तियों ने भी भजन संध्या में शिरकत की। सभी ने बाबा की भक्ति में हुए भजन पर धार्मिक नृत्य किया। धनराज दामके, आदर्श हिरवे, मनीष शिंदे, परमजीतसिंह मेकन, सुनील ठाकुर, राजेश मराठा, राम चाकरे, लक्ष्मणराम कुमावत, सुनील रावल, देवले सहित अन्य मौजूद थे।



# कृष्णपुरा छत्री पर समाज सेवियों ने थामी झाड़ू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कृष्णपुरा छत्री पर आज सफाई अभियान और श्रमदान का आयोजन किया गया। कई पर्यावरण प्रेमी भी मौजूद रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कांग्रेस नेता दीपू यादव, परशुराम सेना के अनूप शुक्ला,विजेन्द्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# कांग्रेस का पानी समस्या आन्दोलन एक दिन आगे बढ़ा कल से दो दिनों तक सुबह से रात तक मैराथान बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने 14 मई को नगर निगम के सभी 22 झोनों पर एक साथ पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन का ऐलान किया था। कांग्रेस अब यह प्रदर्शन 14 मई के बजाए 15 मई को करेगी। कांग्रेस ने सभी झोनों पर जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अब भीड़ ज्यादा से ज्यादा हर झोन पर हो इसके लिए कांग्रेस 12 और 13 मई दो दिनों तक लगातार सुबह से लेकर रात तक 22 बैठक का आयोजन करेगी। इसमें 24 ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक पदाधिकारी, मंडलम पदाधिकारी और क्षेत्रीय शहर-प्रदेश पदाधिकारी और अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे।

# गुटकेश्वर महादेव मंदिर की बाउंड्री वॉल को पीछे कर शुरू करेंगे सड़क निर्माण

## लोगों के निर्माण तोड़ने का काम बाद में होगा, पहले सड़क का निर्माण शुरू होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा गुटकेश्वर महादेव मंदिर की बाउंड्री वॉल को पीछे कर सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। लोगों के निर्माण तोड़ने का काम बाद में होगा, पहले सड़क का निर्माण शुरू होगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा रणनीति बना ली गई है और अगले एक सप्ताह के अंदर इस सड़क के निर्माण के कार्य को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।**

गुटकेश्वर महादेव मंदिर किला मैदान रोड से सदर बाजार को जोड़ने वाली सड़क को व्यवस्थित और चौड़ा बनाया जाना है। सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा सेंट्रल लाइन डालने, मकान में तोड़फोड़ के निशान लगाने और क्षेत्र के नागरिकों को नोटिस देने जितनी कार्रवाई कर ली गई है। अब क्षेत्र में लोगों को केवल 24 घंटे में निर्माण हटाने वाला अंतिम नोटिस देना शेष बचा हुआ है। निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण का ठेका भी ठेकेदार एजेंसी को दिया जा चुका है। यही कारण है कि अब सड़क के निर्माण को तेज गति से शुरू करने की कसरत की जा रही है।

**निगम ने बनाई रणनीति, एक सप्ताह में काम को शुरू करने की कवायद**

इस कार्य को देख रहे हैं नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह में सबसे पहले गुटकेश्वर महादेव मंदिर की बाउंड्री वाल को तोड़ा जाएगा और पीछे की तरफ नया बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस मंदिर से सड़क के निर्माण के लिए जो जगह मिलेगी उस जगह से ही सड़क का निर्माण भी शुरू किया जाएगा। निगम के द्वारा यह तय किया गया है कि इस सप्ताह में इस काम को अंजाम दे दिया जाए। मंदिर से रास्ता लेकर सड़क का निर्माण शुरू करेंगे और फिर बाद में क्षेत्र के लोगों को दिए गए नोटिस और उनके घरों पर लगाए गए निशान के आधार पर तोड़फोड़ करने का काम किया जाएगा। निगम की ओर से अब इस सड़क को प्राथमिकता के साथ निर्माण की डगर पर ले जाने की कसरत की जा रही है।

### अच्छा समानांतर मार्ग रहेगा

निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क जब बन जाएगी तो इसके बनने से एक तरफ जहां सुभाष मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होगा तो वहीं दूसरी तरफ महेश ग़ार्ड लाइन से मरीमाता चौराहा की तरफ जाने वाली सड़क पर भी यातायात काम होगा। यह एक अच्छी उपयोगी समानांतर सड़क साबित होगी।

### पुल का निर्माण भी अलग प्रक्रिया से

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग पर आने वाले पुल का निर्माण भी अलग प्रक्रिया से शुरू किया जा रहा है। इस पुल को जल्दी से जल्दी बनाने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन फिर भी इस निर्माण कार्य में काम से कम 8 महीने से ज्यादा का वक्त लगेगा।

# मोटर लगाकर पानी खींचने वालों को नगर निगम की कार्यवाही का भय नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर की नर्मदा पाइप लाइनों में नर्मदा का पानी आते ही मोटरों से खींच लिया जाता है। वर्तमान में यह काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग और कार्रवाई के लिए नगर निगम का अमला पानी चोरों के आगे बौना साबित हो रहा है। हर कोई मोटर लगाकर पानी खींचने के लिए तैयार है। लगभग शहर के 50प्रतिशत लोग नर्मदा का पानी मोटर लगाकर अपने घर की टंकी भर रहे हैं लेकिन यह पानी आगे किसी को मिल रहा है या नहीं इसकी उन्हें कोई चिंता नहीं है इसीलिए जलूद पंपिंग स्टेशन से हर दिन मिलने वाला 450 एमएलडी पानी कम पड़ रहा है और इंदौर शहर की प्यास बुझ नहीं रही है। कई कॉलोनी में भीषण जल संकट की स्थिति बनी हुई है, इधर मोटर से पानी खींचने वालों का कहना है कि नगर निगम रोजाना पानी नहीं दे रहा है और गर्मियों में जरूरत के हिसाब से सामान्य जल सप्लाई से पानी की पूर्ति नहीं हो रही है।

**मोटर जब्त करने के साथ ही 20 से 25 हजार रुपए का लगाया जाए स्पॉट फाइन**

नगर निगम द्वारा शहर में नर्मदा जल सप्लाई के दौरान पानी की मोटर लगाकर पानी खींचना प्रतिबंधित है इसके तहत जुर्माना और मोटर जब्ती का प्रावधान है लेकिन जुर्माना लगाकर मोटर वापस कर दी जाती है। यही कारण है कि गर्मियों के दिनों में मोटर से पानी चोरी करने वालों के हौसले बुलंद हो जाते हैं वह दूसरे के हिस्से का पानी भी खुद ही खींच लेते हैं। वर्तमान में यही स्थिति बन रही है जिसके घर मोटर से पानी फ्लो में आ रहा है वह अधिक स्टार्ट करके रखता है इसके अलावा पानी की चोरी करके बाजार में बेचा भी जाता है। इस काम में छोटे भैया और गली मोहल्ले के नेता भी सक्रिय। इधर नगर निगम द्वारा पानी चोरों पर केवल खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती है वह भी ऐसे लोगों पर जो रसूख़ नहीं दिखा या आसानी से जहां कार्रवाई की जा सकती है। प्रभावशाली को समझाइश देकर छोड़ दिया जाता है। मामले में तिलक नगर निवासी महक सोनी ने बताया कि मोटर से पानी खींचने वालों के कारण नर्मदा का पानी उनकी लाइन में नहीं पहुंच पाता, प्रेशर से पानी पूरा ख़ींच लिया जाता है जिसके कारण पानी का फ्लो आगे नहीं बढ़ता और उसके आगे के घरों में हमेशा जल संकट की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम को पानी चोरी पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए। यदि कोई पानी चोरी करता हुआ पाया जाता है और उसकी मोटर ज़ब्त की जाती है तो नर्मदा नल कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई चाहिए या फिर 20 से 25 हजार रुपए तक का जुर्माना होना चाहिए इसके बाद ही मोटर से पानी चोरी करने की प्रवृत्ति रोकी जा सकती है। मामले में अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया है कि सभी इंजीनियरों को नर्मदा जल सप्लाई के दौरान फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं और जिन घरों में मोटर लगने की शिकायत मिल रही है या निरीक्षण के दौरान जो मोटर जब्त की जा रही है उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। नर्मदा कनेक्शन काटने जैसे निर्णय भी स्वीकृत होने पर ही लागू किया जा सकते हैं। फिलहाल परिषद से जो कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं इस नियम अनुसार की जा रही है। फिलहाल शहर में जल संकट को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, टैंकरों की संख्या और अधिक बढ़ाई गई है जो अब 645 के करीब हो चुकी है।



# कचरे का बोरा फेंका तो दूसरे ने आग लगाई

## निगम की टीम ने पहुंचकर बनाया चालान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वार्ड 7 वीआईपी रोड पर निगम स्वास्थ्य विभाग के सहायक सीएसआई भारत करोसिया ने देखा कि लीटर डस्टबीन के समीप कोई बोरा कचरा का डाल गया। इस बोरा को खंगाला गया उसमें गणेश इंटरप्राइजेस का नाम था। स्कूल-कॉलेज पम्पलेट भी निकले। नाम-पते के आधार पर हिमांशु से चर्चा की गई। हिमांशु को इंदौर वायर के समीप बुलवाया गया। ढाई हजार रु. का चालान बनाया गया। वहीं वार्ड 16 बांगड़दा मेन रोड के पास दुकान के बाहर कचरे में आग लगा दी गई। इस पर करोसिया ने रूप सिंह पर 2500 रु. की चालानी कार्रवाई की। एक और अन्य जगह अशोक ने भी कचरा जलाया, जिस पर भी 1 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई।

# जूना रिसाला में कैमरे की रिकॉर्डिंग से बनाए तीन चालान





### नगर निगम की टीम की सक्रियता से क्षेत्र के लोग हतप्रभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा जूना रिसाला क्षेत्र में कैमरे की रिकॉर्डिंग के आधार पर तीन लोगों के चालान बनाए गए हैं। नगर निगम की टीम के द्वारा बढ़ती जा रही सक्रियता से लोग हतप्रभ हैं।

जूना रिसाला क्षेत्र में अब किसी भी दिन दोपहर के समय पर नगर निगम की पीली गाड़ी आ जाती है और किसी भी घर का चालान बनाने लगती है। यह चालान 500 या 1000 का ही बनाया जाता है लेकिन टीम जिस तरह से आकर चालान बनाने की कार्रवाई करती है उसके कारण क्षेत्र के लोगों में अचरज की स्थिति बनी हुई है। इस टीम के द्वारा नाले के किनारे पर कचरा फेंकने वाले लोगों पर नजर रखने का काम किया जा रहा है। जो भी व्यक्ति नाले पर जाकर कचरा फेंक कर आ जाता है तो उसका चालान बनाया जाता है।

क्षेत्र के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी संदीप डांगी का कहना है कि लगातार नाले के किनारे पर लोगों के द्वारा कचरा फेंक दिए जाने की स्थिति सामने आ रही थी। इस स्थिति को रोकने के लिए हमने कोशिश शुरू की। यह कोशिश अब सफल होती हुई नजर आ रही है। हमने नाले के किनारे पर कुछ सीसीटीवी कैमरे लगा दिए। इस कमरे से मिलने वाली जानकारी के आधार पर हम काम करते हैं और कचरा फेंकने वाले का चालान बना देते हैं।

**केवल इस क्षेत्र में हो रहा है ऐसा-** वैसे तो स्वच्छता के लिए इंदौर नगर निगम के द्वारा सारे शहर में बहुत सारे नवाचार किए जाते हैं और बहुत सारे प्रयोग किए जाते हैं। केवल जूना रिसाला क्षेत्र का नाला ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र बन गया है जहां की इस तरह का प्रयोग किया जा रहा है। इस नाले की स्थिति को सुधारने और क्षेत्र के लोगों में कचरे को लेकर जागृति लाने के लिए यह काम किया जा रहा है।



# वैदिक रीति से हुआ 21 जोड़ों का विवाह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान एवं नयनतारा स्पोर्ट्स एंड योगा वेलफेयर सोसायटी द्वारा श्री श्रीरविशंकर के जन्मोत्सव पर 21 नवयुगल जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। संतों ने नवयुगलों को आशीर्वाद दिया। बारात, तोरण, वरमाला सहित अन्य वैवाहिक रस्मे आयोजित हुई। इस दौरान स्वामी गुरुकृपानन्द, स्वामी हरिहरा, स्वामी प्रभानंद, स्वामी शिवानंद, अनिल रावल, जी.एल. ढींगरा, त्रिलोक सिंह सोलंकी, अजय शर्मा, सांसद शंकर लालवानी, सत्यनारायण सत्तन, मनीष सोनी, राजेन्द्र चौहान, मुकेश खंडेलवाल, सुरेश पटेल मौजूद थे।

# लेह लद्दाख में आयोजित होगा कुम्भ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिंधु दर्शन यात्रा 22 से 27 जून तक लेह लद्दाख में आयोजित होगी। छह दिवसीय इस प्रथम सिंधु कुम्भ में सभी प्रांतों से तीर्थ यात्री शामिल होंगे। इंद्रेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की सुविधा के लिए नई दिल्ली से वायु मार्ग और सडक मार्ग दोनों की सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। सडक मार्ग से लेह के लिए 17 और 18 जून को तीर्थ यात्री रवाना होंगे। 22 से 26 जून तक लेह में सिंधु घाट पर सिंधु दर्शन यात्रा समिति द्वारा सिंधु दर्शन सिंधु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सिंधु दर्शन यात्रा के लिए इंदौर से जाने वाले यात्री डॉ. मनीष देवनानी, राजेंद्र सचदेव, प्रकाश खेमानी से संपर्क कर सकते हैं।

# मां परिवार की मूल शक्ति होती है -जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ओम शांति भवन में मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रुपाली जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक वृक्ष की जड़ें धरती से जल ग्रहण कर पूरे वृक्ष को फलने-फूलने योग्य बनाती हैं, उसी प्रकार माँ परिवार की मूल शक्ति होती है, जिसके कारण परिवार समृद्ध और संस्कारित बनता है। आरती बहन, प्रीति बहन, बी.के. नारायण, रेवती बहन ने भी मां और उनकी ममता पर प्रकाश डाला।



बी.के. दुर्गा बहन ने बताया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर जबलपुर बरगी डैम हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# ज्योतिष वास्तु देवज्ञ सम्मान और संगोष्ठी को लेकर बैठक



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अभिनव कला समाज में आर्येश्वर वैदिक सेवा संस्था समिति द्वारा आगामी ज्योतिष दैवज्ञ सम्मान और विद्वान संगोष्ठी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में 5 जुलाई को होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर एमके जैन, संतोष वाधवानी, पंकज शर्मा पाटन वाले, प्रकाश गौड़, संजय शर्मा, रमेश यादव, मुकेश शर्मा, श्याम यादव, जीतूनाथ महाराज, नीरज शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, जीतू गुप्ता उपस्थित थे।



# 50 वर्ष पुराने यारों की जमी महफिल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्कीम नंबर 140 स्थित एक रेस्टोरेंट में 50 वर्ष पुराने 7 दोस्तों की महफिल जमी। अनिल नारंग, मुकेश चेलानी, गिरीश गुप्ता, कृष्ण कुमार अरोरा, हरीश मालवी, कैलाश माखीजानी एवं सुनील नारंग ने करीब 50 वर्ष पूर्व आरआरएमबी गुजराती स्कूल से 11वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी।

# बच्चों ने कला के साथ ध्यान और योग भी सीखा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साईं गंगोत्री विहार केंद्र पर 'डिवाइन एंजेल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सीमा बहन ने बताया कि सात दिवसीय कैम्प का कल समापन हुआ। इस दौरान बच्चों को व्यक्तित्व विकास, संस्कार परिवर्तन, नैतिक मूल्यों एवं एकाग्रता बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के दौरान बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक तथा राजयोग मेडिटेशन जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास की शिक्षा दी जा रही है। बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं अनुशासन विकसित करने पर विशेष जोर गया।



# इंदौरियों ने खरीदे 75 हजार दर्जन हापुस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआं में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित मेंगो जत्रा का कल समापन हुआ। जत्रा में तीन दिनों में करीब 75 हजार दर्जन हापुस आम स्वाद शौकीनों ने खरीदे। कल रविवार को स्वाद प्रेमियों की भीड़ खूब उमड़ी। जत्रा में सुधीर दांडेकर, राजेश शाह, दर्शन जागीरदार,हर्षवर्धन लिखिते विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद सुरेश टाकलकर, पार्षद गजानंद गावड़े शामिल हुए।

# एलुमनी ग्रुप का मदर्स-डे पर आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मदर्स-डे पर कल गुजराती आर्ट एंड लॉ कॉलेज एलुमनी ग्रुप द्वारा आयोजन किया गया। आयोजन में मां से जुडी कविताएं, संस्मरण और गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रवीण नागदिवे, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव,राजेश सुनहरे, रूपेश यादव, प्रमोद द्विवेदी, परवीन मेहरा, सुनील परिहार, राहुल शुक्ला, जीतू खरे, हुकुम सूर्या, अनिल चौहान, सुदर्शना पंडोले, दीपाली कुलकर्णी, सनी जैन, कमल वर्मा, नीरज अब्राहम, नरेंद्र शर्मा, जय महाडिक, सुनील गुप्ता, स्वाति मोहिते, सुषमा बंदावड़े, सुभाष पारीक, राजकुमार जायसवाल, पिंकी यादव, गोपाल बोरासी और मनीषा नागदिवे, डॉ. अर्चना करंदीकर मौजूद थे।



# जितेन्द्र सिंह का किया स्वागत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राज्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के इंदौर आगमन पर राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर दिनेश परमार, शिववीर सिंह भदौरिया, देवेंद्र रघुवंशी, मुकेश सेन, बालमुकुंद गौतम, विजय मिश्रा, हिमांशु तिवारी, राजेश शर्मा, के के आर्य, गोपाल घोड़ेला, अवधेश तिवारी, जगदीश जोशी, गुंजन सिंह, अर्चना शर्मा उपस्थित थे।



# नियाज अली सरकार को पेश की चादर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हजरत नियाज अली सरकार एमजी रोड तुकोगंज में चल रहे उर्स आयोजन का समापन हुआ उसके पहले सामाजिक एकता भाईचारे की चादर पेश की गई। तबर्रूक वितरित किया गया। सर्वधर्म के अध्यक्ष मंजूर बेग, दरगाह सदर अशफाक हुसैन (गोलू), अशफाक पठान, इदरिश बाबा, रियाज खान, मुकेश बजाज, शकील, जाकिर खान, अकबर काजी, बाबा माहिर वारसी, सोहेल पठान, यासीन खान, राजू पठान, सलीम खान, मोहम्मद शाहरुख मौजूद थे।

# माहेश्वरी रॉयल ने की पूल पार्टी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी रॉयल्स दम्पति टीम ने कल इस वर्ष की दूसरी सभा पूल पार्टी के रूप में आयोजित की। कमलेश सीमा गगरानी ने बताया कि गीत गायन का आयोजन के अलावा अन्य आयोजन भी किए गए। अमरचंद-सरीता सोनी, मधुसूदन-अलका सोडानी, राजेश-कविता भूतड़ा, आशीष-आभा मंत्री, सुरेश-मधु जाजू, सुरेश-सुषमा चिचाणी, प्रदीप-लता राठी मौजूद थे।

# दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



जय स्तम्भ उद्यान माता मंदिर के समीप जवाहर मार्ग शहीद पार्क पर कल शहीद, क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सैनानी, उत्तराधिकारी सहित अन्य के निधन पर कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व विधायक अश्विन जोशी को भी श्रद्धांजलि दी गई। अर्चना जायसवाल, ओमप्रकाश वर्मा, राकेश शास्त्री, कैलाश शर्मा, विकास जोशी, सुधा भंडारी, राधा पंवार, सुखदेव खड़बड़ीकर, अनिरुद्ध शर्मा, द्वारका राठौर, हेमंत जैन, गोविंद राठौर, बलराम, दिनेश दुबे मौजूद थे।

## हास्य नाटक ने दर्शकों का जीता दिल



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कृषि महाविद्यालय आडिटोरियम में कल मातृदिवस पर रंगरूट्स थिएटर द्वारा हास्य नाटक 'गज फुट इंच' की प्रस्तुति दी गई। 40 से 50 साल पुराने माहौल को मंच पर जीवंत कर दर्शकों का दिल हास्य के साथ जीत लिया। यह नाटक माताओं पर समर्पित था। लेखक केपी सक्सेना, वरुण जोशी और फैजान खान द्वारा निर्देशित, कलाकार अक्षत विश्वकर्मा, रचिता जैन, अलकमर बोरीवाला, कायल जैन, आर्यन कीमतानी, दिव्यांशी श्रीवास्तव, फैजान खान ने अपनी भूमिका निभाई।



## स्वामीजी को दिया कल्याण उत्सव का निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी डीडवाना 140 घर थोक महिला मंडल द्वारा 23 और 24 मई को दो दिवसीय कल्याण उत्सव का आयोजन वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग पर किया जाएगा। इस आयोजन का निमंत्रण वेंकटेश मंदिर के स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज को दिया गया। आशा सिंगी, ज्योति मुछाल, प्रियंका भलिका, सविता भांगड़िया, पूजा गांधी के अलावा पवन भलिका, पंकज गांधी, राजेन्द्र सोनी, बाबू झंवर ने अपनी भूमिका निभाई।

# मंगलमूर्ति के रहवासी पानी की कमी पर करेंगे कल शिकायत

## अवैध कार क्षेत्र में पार्क ना हो इसके लिए बनाए जाएंगे स्टीकर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मंगल मूर्ति रहवासी संघ के अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में इस गर्मी के दौरान पानी की कमी दिखाई दे रही है। नर्मदा का जल एक दिन छोड़कर आने के बावजूद धीमी गति से आ रहा है और बिल पूरे माह का लिया जा रहा है। क्षेत्र के बिल माफ कराने को लेकर कल जनसुनवाई में शिकायत की जाएगी। कल गार्डन में हुई रहवासियों की बैठक में कारों की अवैध पार्किंग का मुद्दा भी उठा, जिसमें विवाद भी होते रहते हैं। यहां की कारों को लेकर रहवासी संघ के स्टीकर बनाए जाएंगे और यहां की गाड़ियों पर स्टीकर लगवाए जाएंगे और किसी की पार्किंग होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी। श्रवण वर्मा, डॉ. रश्मि गोविल, आशीष पाटीदार, पूजा खंडेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, डॉ. मनोज मिश्रा, बापूलाल पाटील, हरीश कपूर, दिनेश परदेसी, विनित खण्डेलवाल मौजूद थे।



# चतुर्थी उजमन के लिए बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा 3 जून को पुरुषोत्तम मास चतुर्थी उजमन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के लिए गार्डन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में किशोर गोयल, मनोज अग्रवाल, अनिता ऐरन, मुक्ति अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, सोनिया गर्ग, शालिनी मोदी, रीना अग्रवाल, प्रीति गुप्ता उपस्थित थी।



## कार्यशाला में गूंजा माँ तू थकती नहीं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत विकास परिषद् की अहिल्या नगरी और तिलक शाखा द्वारा मातृदिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया। यहां सेवा और संस्कार का संगम दिखा। कार्यशाला में गूंजा माँ तू थकती नहीं का स्वर। यहां भावनाओं का बीज भी दिखाई दिया। वन्दे मातरम भी गूंजा। संजय मेहता, अनिल अग्रवाल, रजनीश चौरडिया, अरविंद बंडी, नीरजा जैन, रश्मि शर्मा, गौरव माहेश्वरी मौजूद थे। यहां मौजूद कार्यक्रम में हर माता को चार वस्तुएं जिसमें तुलसी का पौधा, सकोरा, धान का पैकेट, कपड़े की थैली भेंट की जो पर्यावरण और पक्षी के लिए लाभप्रद थी।

# समाजसेवी शांतिदेवी का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज में सेवार्थी समाजसेवी शांतिदेवी जैन का कल मदर्स-डे पर 91 वर्ष की उम्र में सम्मान किया गया। डॉ. राकेश जैन, राजीव जैन, नरेन्द्र जैन, आजाद जैन, डॉ. अशोक जैन, डॉ. दीपक जैन, विकास, अमित, मनोज जैन, डॉ. धनराज पंजवानी, डॉ. सुशील अग्रवाल, डॉ. जैनेंद्र जैन, सुदीप जैन, राजेश जैन दद्दू, कैलाश जैन, ऋषभ सिंघई, एनके जैन, मुकेश जैन, मुक्ता जैन, सुधा जैन, कमलेश जैन, राजीव जैन बंटी मौजूद थे।

## कटारिया का निधन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिंक सिटी में रहने वाले भावेश कटारिया की धर्मपत्नी, जितेन्द्र, सचिन की माता अलका बेन कटारिया का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1.30 बजे पिंक सिटी मूसाखेड़ी से निकलकर रिजनल पार्क मुक्तिधाम जाएगी। बड़ी संख्या में समाजजन और निकट को लोग मौजूद रहेंगे।

## महिला कार रैली आयोजित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल मदर्स-डे पर शक्ति ऑन व्हील्स महिला कार रैली का आयोजन किया जिसमें 400 महिलाओं ने नेहरू स्टेडियम से निकली रैली में शिरकत की। यह रैली बायपास मॉल पर पहुंची। कई जागरूकता के संदेश दिए गए। राखी कसेरा, रजनीश कसेरा, रजनी खेतान ने अपनी भूमिका निभाई।



# संत दादा गुरु के समक्ष गुंजाए मां नर्मदा के जयकारे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ख़जराना गणेश मंदिर में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का आज समापन होगा। आयोजन में कल संत दादा गुरु पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के जयकारों से पांडाल गुंजा दिया। आचार्य रविकांत शास्त्री ने नर्मदा तट के तीर्थों का वर्णन किया। इस दौरान राजेन्द्र बंसल, नित्यम बंसल, शिव जिंदल, राजेश गर्ग, देवांश शर्मा, गोपाल अग्रवाल, राजू बंसल, कैलाश बंसल, राजेश शर्मा, नवीन मेहता, उमेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# एंटी करप्शन की बैठक में उठा भ्रष्टाचार का मुद्दा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की बैठक में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर की गई। भ्रष्टाचार मुद्दे पर सच्चाई का साथ दिया जाए, वैधानिक कार्रवाई हो, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन और पूजा के नाम पर ली जा रही राशि की भी चर्चा की गई। संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, महेंद्र पाल, जुनेजा राम रतन, जुनेजा चिरंजीवी परेल, राजू ठाकुर, ध्रुव धीर, आनंद मौजूद थे।



# अग्र मातृशक्तियों का मदर्स-डे पर सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बायपास स्थित होटल में मदर्स-डे पर 31 वरिष्ठ अग्रवाल मातृशक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माताओं का पाद-पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। आयोजन में विमला बंसल, सीता गोयल बाबाश्री, लक्ष्मी अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, तारादेवी अग्रवाल, रमादेवी गर्ग, निर्मला बंसल का सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश-उषा बंसल, शीतल-संजय तोड़ीवाला, सुरेश-कृष्णा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, स्वाति गर्ग, सृष्टि गोयल, रेखा तोड़ीवाला, अंजलि अग्रवाल, रीतू मित्तल, लीना बंसल, रानी अग्रवाल, मीना गोयल मौजूद थे।

# सामाजिक समरसता और एकता का दिया संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आदिगुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा द्वारा सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। जिले के 21 स्थानों पर आयोजित समरसता महाआरती के समापन पर राजवाड़ा परिसर में 51 समाजों के प्रमुखों के साथ समरसता महाआरती की गई। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, कमलपुरी गोस्वामी, सचिन पुरी, रविदास, नाथ, कोहली, पालीवाल, जाट, आदिवासी, जैन, शंभू गिरी, राजेंद्र भारती, राजगुरु महाराज, माला ठाकुर, राधेश्याम पर्वत, योगेंद्र पुरी, प्रीति गिरी, राजेश गोस्वामी, सुनील गिरी सुलचानिया, दशरथ गिरी, गोविंद गिरी, पवन भारती, नागेश पुरी, भैरू पुरी, कुणाल पुरी, मनीष पुरी, रोहित पुरी, रोशन भारती, निधि गिरी, कला भारती, योगिता पुरी, अर्चना गोस्वामी, राजेश भारती, प्रजोत भारती, जितेंद्र पुरी उपस्थित थे।





# सकोरों का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधीनगर स्थित परशुराम मार्ग पर पक्षियों के दाना-पानी के लिए सकोरों का वितरण किया गया। इस दौरान नंदकिशोर सोलंकी, कैलाश पाटीदार, मदनसिंह सिसौदिया, देवेस वाजपेयी के अलावा पुजारा टेलीकाम सांई इलेक्ट्रानिक के सदस्य मौजूद थे।

# राम दरबार भेंट कर किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गुरव समाज संस्था हरि ओम नगर के स्थापना दिवस पर साधारण सभा आयोजित की गई। आय-



व्यय प्रस्तुति के बाद समाजहित में सेवा देने वालों का सम्मान किया गया उन्हें सम्मान स्वरूप राम दरबार भेंट किया गया। प्रभाकर सवनेर, पवन देवराय, राजेश सवनेर मौजूद थे।



# यज्ञशाला का निर्माण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर होने वाले 22 से 29 मई तक पंचकुंडीय श्रीहनुमत महायज्ञ, श्रीराम कथा के अनुष्ठान के लिए आश्रम परिसर में यज्ञशाला के निर्माण कार्य शुरू हुआ। हरिधाम पर पहली बार 51 विद्वान हनुमत महायज्ञ जैसा दिव्य अनुष्ठान करेंगे।




# संस्था जीवन प्रवाह ने शुरू किया पौधारोपण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** लगातार सालों से पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था जीवन प्रवाह ने मानसून के पूर्व अपने पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत कल त्रिशला अपार्टमेंट बियाबानी में रहवासियों के साथ पौधारोपण का आयोजन किया। मौजूद लोगों को पर्यावरण के साथ सुरक्षा पोषण और संवर्धन की शपथ दिलाई गई। प्रकाश सोनी ने बताया कि बड़ी संख्या में रहवासी रामचन्द्र काकाणी, दिनेश जैन, धर्मेन्द्र, दीपाली शुक्ला, ज्योति सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार, शीतल चौधरी, ब्रजेन्द्र नीमा, जगदीश मेहता सहित अन्य मौजूद थे। आभार प्रकाश सोनी ने माना।

# 5100 किलो तरबूज से बनेगी अलीजा दरबार में वाटिका

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को कल पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा मंदिर पर 5100 किलो तरबूज की वाटिका सजाई जाएगी। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।

# भागवत कथा में नरसिंह बामन अवतार प्रसंग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हातोद-गांधीनगर रोड स्थित बुडानिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा और श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हजारों भक्तों ने दर्शन कर लाभ लिया। महायज्ञ में 18 जोड़ों ने आहुतियां दीं और श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। कथा के दौरान ध्रुव प्रसंग और नरसिंह-बामन अवतार प्रसंग का श्रवण देवी हेमलता शास्त्री के मुखारबिंद से श्रद्धालुओं ने किया। अंतर सिंह चौधरी,केदार सिंह चौधरी ने जानकारी दी।



# सवा सौ ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों के पार्किंग और चार्जिंग के लिए एआईसीटीएसएल की बड़ी तैयारी

## नायता मुंडला में हो रही इलेक्ट्रिक बसों के लिए पार्किंग तैयार

**इंदौर।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक और घटते पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए निगम के एआईसीटीसीएल द्वारा भविष्य में इंदौर शहर में बसों की संख्या बढ़ने पर इनकी पार्किंग और चार्जिंग के लिए बड़ी पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। जिसके अन्तर्गत न्यू आरटीओ रोड़ पर करोड़ों की लागत से तैयार नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास वाली खाली जगह पर लाखों रुपए खर्चकर 80 से 100 बसों की भव्य एक जगह व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था के तहत राजीव गांधी चौराहा पर बने चार्जिंग स्टेशन की तर्ज पर यहां नवीन चार्जिंग और नवीन पार्किंग एरिया का निर्माण किया जा रहा है।

### वॉटरप्रूफ आधुनिक पार्किंग और चार्जिंग स्टेशन का हो रहा निर्माण

जहां एक साथ एक ही स्थान पर 80 से 100 बसें आराम से व्यवस्थित खड़ी हो सकेगी। साथ ही 10 से 15 बसें एक साथ



चार्ज भी हो सकेगी। जिसके लिए यहां भव्य फास्ट चार्जिंग वाला आधुनिक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। जबकि अभी वर्तमान में राजीव गांधी चौराहे पर 30 से 40 इलेक्ट्रिक बसें आराम से एक साथ एक जगह खड़ी हो रही है, और यहां करीब दर्जनभर बसें यहां बारी - बारी से हैवी चार्जिंग सिस्टम पर चार्ज भी हो रही है।

### देवास नाका भी हो रहा एक ओर चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार

इसके अलावा एआईसीटीएसएल द्वारा नायता मुंडला के साथ देवासनाका पर भी एक और भव्य पार्किंग एरिया के साथ बड़ा चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। जहां 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें एक साथ खड़ी हो सकेगी। साथ ही यहां लगाए जा रहें फास्ट चार्जिंग सिस्टम पर 10 से ज्यादा बसें एक साथ चार्ज भी हो सकेगी। इसके लिए आधुनिक चार्जिंग सिस्टम के साथ बसों को खड़ा करने के लिए वाटर प्रूफ वाला टीन शेड पार्किंग एरिया का निर्माण भी किया जा रहा है।

# अंतिम चौराहे से परमानंद अस्पताल तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के साथ शुरू होंगे अन्य सिविल कार्य



इंदौर। विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड संख्या 6 में स्थित अंतिम चौराहे से लेकर परमानंद अस्पताल तक क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को बेहद जल्द करोड़ो रुपयों की लागत से नई सड़क निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत निगम द्वारा इस काम के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके अन्तर्गत निगम द्वारा यहां मुख्य मार्ग के बड़े हिस्से में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के साथ नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा अन्य सिविल कार्य भी किए जाएंगे। जिसके तहत इस काम के लिए निगम द्वारा लगभग एक करोड़ 18 लाख 55 हजार से ज्यादा रुपए खर्च किए जाएंगे।

**नई सड़क से मुक्तिधाम आने वालों को भी राह होगी आसान-** यही नहीं विधानसभा एक के वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत अंतिम चौराहा से परमानंद हॉस्पिटल तक बनने वाली नई सड़क निर्माण से एक ओर क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को तो इसका लाभ मिलेगा ही साथ ही मुक्तिधाम आने वाले लोगों को भी इससे बड़ी राहत मिलेगी। बारिश के मौसम में लोगों को कीचड़ के बीच होकर मुक्तिधाम नहीं आना पड़ेगा। वहीं इस मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों और आसपास के रहवासियों को भी इसका फायदा मिलेगा।

# अब कीचड़ के बीच से होकर नहीं आना पड़ेगा स्कूल

## गणेश आटा चक्की से केशव विद्यालय तक क्षतिग्रस्त सड़क में करेगा सुधार

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा जोन संख्या 20 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 05 में स्थित पंचमुखी नगर स्थित गणेश आटा चक्की से लेकर केशव विद्यालय के सामने तक लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय अब नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। उसके अंतर्गत आने वाले दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम जल्द हाथों हाथ काम भी शुरू कर देगा ताकि छात्रों को बारिश के दिनों में स्कूल आने पर कीचड़ और गंदगी का सामना न करना पड़े। साथ ही आसपास के रहवासियों को भी आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

# खरगोन की प्रज्ञा बार्वे बनीं डॉक्टर



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महाराष्ट्र के डॉ. बाला साहेब विखे पाटिल रूरल मेडिकल कॉलेज से खरगोन की डॉ. प्रज्ञा मनोज बार्वे ने एमबीबीएस की डिग्री पूर्ण कर ली। कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. प्रज्ञा को डिग्री सर्टिफिकेट के साथ पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. प्रज्ञा ने कहा कि 'मेरा लक्ष्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है। मैं समाज के अंतिम व्यक्ति तक इलाज पहुंचाने के लिए समर्पित रहूंगी।

### सिटी ब्लास्ट में प्रमुखता से छपी खबर का असर

# 300 साल पुराने सरकारी स्कूल के जीर्णोद्धार का अधूरा कार्य दोबारा शुरू



**इंदौर।** विधानसभा तीन के वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत उषागंज क्षेत्र में बांबे बेकरी के सामने स्थित शासकीय संयोगितागंज बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 300 साल से ज्यादा पुरानी इमारत के नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का लंबे समय से अटका काम आखिर अब जाकर निगम ने दोबारा शुरू कर दिया है। जिसको लेकर पिछले माह 7 अप्रैल के अंक में सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट ने प्रमुखता के साथ अपने हेडिंग सरकारी स्कूल है या कबाड़खाना क्लासरूम के सामने लगे मलबे के ढेर शीर्षक से 300 साल पुरानी स्कूल इमारत को संवारने का प्रोजेक्ट लंबे समय से बंद, बजट के संकट में अटका' उक्त शीर्षक के



साथ खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी स्कूल के अधूरे निर्माण कार्य मामले में संज्ञान लिया।

### विकास कार्यो की बैठक में भी विधायक ने उठाए थे सवाल

विधायक ने पिछले दिनों हुई बैठक में भी निगम अधिकारियों से प्रमुखता से उक्त सरकारी स्कूल निर्माण कार्य की लेटलतीफी को लेकर और लंबे समय से अधूरे पड़े काम को लेकर सवाल उठाए थे। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जल्द से जल्द छुट्टियों में बंद काम शुरू हो और अधूरे पड़े स्कूल का निर्माण कार्य बारिश से पहले पूरा होना चाहिए। जिससे छात्रों और स्कूल स्टॉप को परेशानी न हो।

इधर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार चेलानी ने बताया जिसके बाद निगम के शाला प्रकोष्ठ के जिम्मेदार अफसर हरकत में आए और ठेकेदार ने अफसर और जनप्रतिनिधियों की मांग पर लंबे समय से बंद स्कूल निर्माण का कार्य अब पिछले दिनों दोबारा शुरू कर दिया है।

### अब दिखने लगी काम में तेजी

यही नहीं अब ठेकेदार द्वारा तैयार इमारत के क्लास रूम में टाइल्स लगाकर रंगाई-पुताई का काम भी हाथों हाथ शुरू कर दिया है। यही नहीं कुछ क्लास रूम तैयार भी हो गए है। जिनमें दिन लाइट फिटिंग से लेकर दरवाजे-खिड़कियां और फर्नीचर लगाने का काम भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। वहीं कहा जा रहा है कि कि जल्द से जल्द नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ज्यादातर क्लासरूम तैयार कर लिए जाएंगे ताकि आने वाले दिनों में शुरू होने वाले नए सत्र में छात्रों को बैठने के लिए मानसून सीजन में परेशानी नहीं होगी।

## संपादकीय

# पटना में विद्यार्थियों पर लाठी, सवालों पर खामोशी

आखिर क्या वजह है कि विद्यार्थियों के सामने शिक्षक भर्ती को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाने की नौबत आई है? यह कोई पहला मौका नहीं है जब किसी आंदोलन या प्रदर्शन को लेकर सरकार का यह रुख सामने आया है। बिहार के पटना में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के दौरान राज्य की पुलिस का जैसा रवैया सामने आया है, उसे आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत किसी मसले पर सरकार से विचार की मांग के स्वर का दमन करने की तरह देखा जा सकता है। सवाल है कि अगर नागरिकों के सामने अपनी किसी मांग के लिए आंदोलन या प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता है, तो संवाद के जरिए उनकी समस्या का समाधान करने या कोई रास्ता निकालने की कोशिश की जाएगी या उन्हें चुप कराने के लिए सीधे लाठी-डंडे का सहारा लिया जाएगा? हैरानी की बात है कि शिक्षक भर्ती से संबंधित प्रक्रिया में लगातार देरी और टालमटोल से परेशान विद्यार्थियों ने जब पटना में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की, तो उनकी मांगों पर विचार करने के बजाय उन पर लाठी चार्ज किया गया और महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। अगर उन्हें रोकना भी था, तो पानी की बौछार या कोई अन्य उपाय करने के बजाय बेहरमी से उन पर लाठियां चलाना ही अकेला उपाय क्यों माना गया? राज्य की पुलिस के इस रवैये को क्या किसी भी तरह से प्रदर्शनकारियों के प्रति एक लोकतांत्रिक शासन की प्रतिक्रिया कहा जा सकता है? अगर नागरिकों के किसी हिस्से को सरकार से अपने अधिकार या अन्य मांग करने से इस तरह रोका जाएगा, तो उसमें नागरिक अधिकारों की क्या जगह रह जाएगी? आखिर क्या वजह है कि विद्यार्थियों के सामने शिक्षक भर्ती को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाने की नौबत आई है? यह कोई पहला मौका नहीं है जब किसी आंदोलन या प्रदर्शन को लेकर सरकार का यह रुख सामने आया है। इससे पहले भी कई बार विद्यार्थियों और अन्य नागरिक समूहों ने अलग-अलग मुद्दे पर प्रदर्शन किया है, लेकिन उनकी मांगों पर विचार या बातचीत करने के बजाय उन्हें चुप करने और भगाने के लिए लाठी चार्ज का सहारा लिया गया। अफसोसनाक यह है कि बिहार में जो पार्टियां फिलहाल सत्ता में हैं, उन्होंने एक समय जनता की उपेक्षा किए जाने को ही मुद्दा बनाया था। हकीकत यह है कि आंदोलनों या प्रदर्शन के प्रति पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार का जो रवैया है, उससे लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों के लिए जगह सिमट रही है।

# शादी की हल्दी बनी जानलेवा... दूल्हा-दुल्हन पहुंचे अस्पताल

## मिलावटी हल्दी से हो रही एलर्जी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विवाह के दौरान कई रस्मे होती है, सभी रस्मों का अलग-अलग महत्व है। हल्दी की रस्म को शुभ पवित्र और सौन्दर्य कारणों से निभाई जाती है। मिलावट के दौर में अब पवित्र रस्मे भी पिसा रही है। हल्दी को चमकदार बनाने के लिए मिलावट की जा रही है जिसके कारण दूल्हा-दुल्हन सहित परिजनों को परेशानियां हो रही हैं।

एमवाय अस्पताल में बीते दिनों चार मरीज हल्दी रस्म के बाद हुई परेशानी को लेकर पहुंचे। मरीजों को लाल निशान, सूजन और एलर्जी के लक्षण दिखाई दिए तो जांच के लिए पहुंचे। इन्दौर के अलावा आसपास क्षेत्र के भी मरीज मिलावटी हल्दी से हो रही समस्या लेकर पहुंचे है। बताया जा रहा है कि हल्दी में मेटानिल येलो नाम का जहरीला रंग मिलाया जा रहा है। मिलावटखोरों की वजह से लोगों की शादी की रस्म परेशानी पैदा कर रही है।

## आनलाइन गैम में हारा रुपए...नहीं दिए तो कर डाली हत्या

### *बेटमा में हुए हत्याकांड में पकड़ाया आरोपी*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चम्बल नदी के पास एक रक्त रंजित शव मिला था। युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। युवक एक दिन पहले से लापता हुआ जिसके बाद उसका शव एबी रोड पर चम्बल नदी के समीप झाड़ियों में मिला था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी रमजान खान और मृतक समीर पिता सोहराब पटेल निवासी ग्राम घाटा बिल्लोद के बीच दोस्ती थी। दोनों साथ में बैठकर आनलाइन गैम खेलते थे। इसी बीच मृतक समीर करीब 6 लाख रुपए हार गया। ज़ब रमजान ने रुपए मांगे तो विवाद हुआ और रमजान ने समीर को मौत के घात उतार दिया।



## दवे का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विदेश की धरती पर सम्मानित हुए डॉ. विकास दवे का इंदौर में भी लेखिका संघ ने सम्मान समारोह आयोजित किया। मंत्री तुलसीराम सिलावट, डॉ. अरविंद जवलेकर, डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे, प्रवीण खारीवाल, डॉ. स्वाति तिवारी, सुनीता दवे, सुषमा व्यास, प्रभा तिवारी, स्वाति तिवारी, शीला चन्दन, सुषमा शुक्ल, डॉ. निशी मंज्वानी,डॉ.पियूषा शुक्ला , कीर्ति कापसे, डॉ.प्रीति चौहान, प्रो.रानू टूवानी, सपना उपाध्याय, अरुणा सराफ, प्राची पांडे, सरिता काला ,सुनीता श्रीवास्तव, ह्रदेश दीक्षित, कीर्ति राणा, सतीश जोशी, अन्ना दुरई, डॉ. भूपेन्द्र गौतम, राजू घोलप, शीतल राय, रचना जौहरी, सोनाली यादव, डॉ. तेजप्रकाश व्यास, सीमा व्यास, डॉ. पदमा सिंह, डॉ. श्रीकांत द्विवेदी, मनीष दवे, मुकेश इंदौरी, शिशिर उपाध्याय, ओमप्रकाश जोशी मौजूद थे।

## चाय बनाने की बात पर सास-बहू के बीच चले लात-घूंसे

### *दोनों पहुंची थाना और की एक-दूसरे की शिकायत*

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा पुलिस को जीवन विहार कालोनी में रहने वाली सास और बहू ने चाय बनाने की बात पर हुए विवाद की शिकायत की है। पुलिस को फरियादी पलक उर्फ माया पति राज वर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई कि सास कृष्णाबाई ने चाय बनाने को कहा तो फरियादिया ने कहा कि बच्ची रो रही है, थोड़ी देर में बनाती हूं, इस बात पर सास कृष्णाबाई, ननद रिया, पति सूरज राठौर, ससुर कमल वर्मा और पति राज ने विवाद कर मारपीट की जिससे पलक को चोट आई। इधर इस मामले में कृष्णाबाई ने भी पुलिस को शिकायत की और बताया कि बहू पलक ने चाय बनाने को कहा तो मारपीट की। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टीआई को मातृ शोक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कामले की माताजी सुन्दरबाई कामले का आज निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा जावरा कम्पाउंड पुलिस लाइन से निकलकर जूनी इन्दौर मुक्तिधाम पहुंच रही है।




## 30 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वर आलाप और स्टार फेन क्लब द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम गोल्डन हिट्स-30 में 30 कलाकारों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी। सिंगर संजय रियाना, संजय लावरे, आशा निसरगंध, सुरेन्द्र यादव, जितेन्द्रसिंह पाल ने प्रस्तुतियां दी। हेमेन्द्र महावर, दिव्या अग्रवाल ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हेमन्त नागराज, दीपक खण्डेलवाल, रामदास गोयल, संजय अग्रवाल, प्रकाश एरन, मोहन अग्रवाल, दीपिका गोयल, उदय गुप्ता आदि ने कलाकारों क्रो सम्मानित किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

## आईस्क्रीम की दो प्रतिष्ठानों से 10 नमूने लिए एक का कार्य कराया बंद, दूसरे को दिया नोटिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रशासन के खाद्य विभाग की टीम ने दो आईस्क्रीम निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर इन दो उद्योगों से 10 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए जो भोपाल भेजे जा रहे हैं। दल ने राजाराम नगर स्थित चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड इकाई का निरीक्षण किया गया। जहां खाद्य कारोबारकर्ता नीलेश विश्वकर्मा उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान निर्माण हेतु वैध अनुज्ञप्ति उपलब्ध नहीं पाई गई। साथ ही पैकेजिंग सामग्री पर लेबलिंग संबंधी जानकारी भी अपूर्ण मिली। निरीक्षण में रॉ मटेरियल का भंडारण अस्वच्छ एवं अव्यवस्थित पाया गया तथा कुछ जंग लगे सांचे भी उपयोग में पाए गए। निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गई। फ्रीजर रूम में खाद्य सामग्री का भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके अलावा कृष्णा पार्क कॉलोनी, छोटा बांगड़दा स्थित रुद्राक्ष आइसक्रीम इकाई का भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी नरेश कुमावत उपस्थित पाए गए। जांच में विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जाना पाया गया। निर्माण में प्रयुक्त कई फ्लेवर बिना लेबल के मिले, जिन पर आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थल पर भी अव्यवस्था पाई गई। मौके से आइसक्रीम के 5 एवं टूटी फ्रूटी का एक नमूना, इस प्रकार कुल 6 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना लेबल पाए गए फ्लेवर्स का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया।



परिसर में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में संबंधित विक्रेता को नोटिस जारी किया जाएगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। एक फैक्ट्री को टीम ने बंद कराया और दूसरे उद्योग को नोटिस जारी किया और दोनों के ही 10 सैम्पल जांच में हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 151750 | 152100 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 251000 | 262400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



## शराब दुकान के बाहर पीने वालों पर कार्रवाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ऑपरेशन टोटल क्लीन के अन्तर्गत आबकारी विभाग की चार टीम ने शराब दुकान के बाहर निरीक्षण कर अलग-अलग जगह 28 लोगों पर कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है कि शहर में ज्यादातर शराब दुकानों के बाहर शराब पीने वालों की भीड़ लगी रहती है और खासतौर से शनिवार-रविवार जबर्दस्त भीड़ होती है, फिर भी विभाग ने केवल 28 लोगों पर कार्रवाई की।

# शहर में सफाई रोस्टर और फील्ड निरीक्षण शुरू किया

खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खरगोन नगर पालिका में स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते की पहल लगातार सफाई मामले में रंग ला रही है। अब उन्होंने नई पहल करते हुए नियमित सफाई रोस्टर और फील्ड निरीक्षण शुरू किया। रहवासी ओर बाजार क्षेत्र में स्वच्छता मानकों की जांच बढ़ाई गई। स्वच्छता रैली का आयोजन भी किया गया। लोग बोल रहे हैं प्रकाश चित्ते के आने के बाद से खरगोन शहर की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। कचरा उठाने का काम भी लगातार जारी है, नालियों की गाद निकाली जा रही है, सफाई की जा रही है।





## देर रात तक रही दशहरा मैदान में भीड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मालवा उत्सव में कल रविवार की देर रात तक शौकीनों की भीड़ रही। बच्चे जहां अपने खेलकूद में व्यस्त रहे वहीं बड़ों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम देखें, तो कोई खान-पीन स्टॉल पर पहुंचा। पिरामिड नृत्य की प्रस्तुति भी शौकीनों ने देखी। विशाल गिदवानी, दीपक लवंगडे, बंटी गोयल ने बताया कि सागर से आई टीम ने बरेदी नृत्य प्रस्तुत किया। गुजरात की टीम ने टिपनी प्रस्तुत किया, तो निमाड़ के कलाकार भी प्रस्तुति में पीछे नहीं रहे। पंजाब, जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। रितेश पिपलिया, जुगल जोशी, कंचन गिदवानी, रितेश पाटनी, मुकेश पाण्डे, ज्योति तोमर, मुद्र शास्त्री, मनीष सोनी, विकास केतले, पवन शर्मा, कमल आहूजा ने भी अपनी भूमिका निभाई। इधर नितिन तापड़िया ने बताया कि आज गुडुंबाजा गरबा, तमेटागुल्लु, वीजुकंसाले, ढोल ताशा पार्टी, नोरता एवं विशेष प्रस्तुतियां वह स्थानीय प्रस्तुतियां होगी।

# गर्मी में कपड़ों से ढंके चेहरे से पहचान मुश्किल

## लगातार बढ़ रहा है पारा, काम पर निकले लोग ले रहे हैं बचाव का सहारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भगवान सूर्य की इस गर्मी में प्रकोप बढ़ता जा रहा है। 42 डिग्री पार ट्रेम्प्रेचर में अब लोग अपने काम पर निकलते हैं तो कोई मुंह पर कपड़ा बांध रहा है तो कोई स्कार्फ तो कोई मंकी कैप लगा रहा है, तो कोई सादी कैप एवं चश्मा लगाकर निकल रहा है। हाथों में भी ढंककर निकलते हैं, जिससे हाथ और मुंह इस भीषण गर्मी में काले ना पड़ जाए, चेहरा और हाथ झुलस ना जाए इसका ध्यान रखा जा रहा है। इन दिनों लोग इस तरह हाथ और चेहरा ढंककर निकल रहे हैं कि दूर से उनकी पहचान मुश्किल है कि कौन जा रहा है, लोग भी क्या करें काम पर भी जाना है और भगवान सूर्य की तपन से भी बचकर वापस बगैर झुलसे नियत स्थान तक पहुंचना है।









# लेफ्ट टर्न का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर शहर में लगातार यातायात का दबाव बढ़ रहा है, कई जगह अभी भी जाम की स्थिति दिखाई देती है। इन समस्या के समाधान को लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने रसोमा चौराहा, चंद्रगुप्त चौराहा, हाई कोर्ट चौराहा, लैंटर्न चौराहा, मृगनयनी चौराहा, कृषि कॉलेज चौराहा एवं महिंद्रा शोरूम चौराहा सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर वहां के लेफ्ट टर्न का निरीक्षण किया। अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह की मौजूदगी में झोन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि जहां-जहां लेफ्ट टर्न संचालन में दिक्कत आ रही है और जाम लग रहा है, वहां के कारण देखें जाए। खासतौर से अतिक्रमण, अवैध निर्माण, विद्युत पोल, डस्टबीन लगे है तो उन्हें हटाया जाए। लेफ्ट टर्न अगर सुचारू होंगे तो उनमें यातायात का दबाव कम होगा और जाम से राहत मिलेगी। साथ ही चौराहों पर रोड मार्किंग, संकेतक बोर्ड, डिवाइडर व्यवस्था एवं ट्रैफिक मूवमेंट के अनुरूप आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश भी दिए।







## जनजागृति के लिए संगीत आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जनजागृति के लिए गीत-संगीत का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया। वर्षा वाघ ने बताया कि गायक कलाकारों ने श्रोताओं को प्रस्तुति देकर खुश किया।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **प्रेम कुमार पिता स्व. गोपालदास छाबड़ा** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर पैकी 1001156256 पता 75 गुरुनानक कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **पत्नी-दीपा पति स्व. नारायणदास छाबड़ा, बेटा-रवि पिता नारायणदास छाबड़ा, बेटी-रिचा पति मनोज वाधवानी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर पैकी 1001156256 पता 75 गुरुनानक कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **विजयलक्ष्मी सोनी पति सुरेन्द्र कुमार सोनी** पता 2/13 रेसकोर्स रोड 202 जे.व्ही. काम्पलेक्स इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र.1001064225 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मोहम्मद दानिश पिता मोहम्मद युनूस शेख** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000211889 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 549 सांई पेराडाईज इंदौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सचिन पिता शीतला प्रसाद तिवारी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001225856 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 57-डी सुदामा नगर 201 अरिहंत अपार्टमेंट पैकी भाग इंदौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई मुंबई इंडियंस

# आरसीबी ने 2 विकेट से रौंदा

**नईदिल्ली. एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 54वां मुकाबला रविवार को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया। आखिरी गेंद तक चले इस मुकबले में आरसीबी ने 2 विकेट से जीत हासिल की। ये मैच रायपुर में हुआ। जहां टॉस जीतकर आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए तिलक वर्मा की फिफ्टी के दम पर 166 रन बनाए थे। जिसे आरसीबी ने आखिरी गेंद पर चेज कर लिया। क्रुणाल पंड्या ने शानदार फिफ्टी लगाई और भुवनेश्वर कुमार ने शानदार फिनिश किया।



## खाता नहीं खोल सके कोहली

167 रनों के जवाब में उतरी आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। कोहली खाता भी नहीं खोल सके। वहीं। जैकब बैथल ने 27 रन बनाए। पड्डीकल भी 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद क्रुणाल पंड्या ने अच्छी पारी खेली और पारी को संभालने की कोशिश की। पंड्या ने 46 गेंद में 73 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में पंड्या ने 4 चौके और 5 छक्के लगाए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। आखिरी 3 गेंदों पर 9 रन चाहिए थे और भुवनेश्वर ने छक्का जड़ दिया। आखिरी गेंद पर दो रन लेकर आरसीबी ने ये मैच जीत लिया।

## ऐसे चली मुंबई की बैटिंग

पहले बैटिंग के लिए उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में रेयान रिकेल्टन आउट हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा ने 22 रनों की पारी खेली। लेकिन वो भी भुवनेश्वर का शिकार हो गए। इसके बाद सूर्या खाता भी नहीं खोल सके। लेकिन इसके बाद तिलक वर्मा और नमन धीर के बीच अच्छी साझेदारी पनपी। नमन धीर ने 47 रन बनाए और तिलक वर्मा ने 57 रनों की पारी खेली। जिसके दम पर मुंबई ने 166 रन बनाए। भुवनेश्वर कुमार ने 4 विकेट झटके।

**मुंबई इंडियंस (प्लेइंग इलेवन) :** रोहित शर्मा, रेयान रिकेलटन (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, विल जैक, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, एएम ग़ज़नफ़र।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (प्लेइंग इलेवन):** विराट कोहली, जैकब बेथेल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेज़लवुड, सुयश शर्मा, रसिख सलाम डार




## सूर्यकुमार यादव ने दिखाई बेटी की पहली झलक, अपनी नन्ही परी का नाम भी बताया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव 7 मई (गुरुवार) को पिता बने थे। सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा ने बेटी को जन्म दिया था, जो इस कपल के लिए एक खूबसूरत लम्हा रहा। सूर्यकुमार-देविशा अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर का आनंद ले रहे हैं। अब सूर्या ने अब पहली बार सोशल मीडिया पर अपनी बेटी की झलक फैन्स के साथ शेयर की है। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी नन्ही परी का नाम भी रिवील कर दिया है, जिसे सुनकर फैन्स बेहद खुश नजर आए।

सूर्यकुमार यादव ने इंस्टाग्राम पर पत्नी देविशा शेट्टी और बेटी के साथ एक बेहद प्यारी तस्वीर शेयर की। माना जा रहा है कि यह फोटो अस्पताल की है, जब कपल अपनी बेटी को घर लेकर आया। पोस्ट शेयर करते हुए सूर्यकुमार ने लिखा, 'हमारी सबसे बड़ी खुशी से मिलिए, रिद्धिमा।' यानी सूर्यकुमार ने बताया कि उनकी बेटी का नाम 'रिद्धिमा' है।

जैसे ही सूर्यकुमार यादव ने अपनी बेटी का नाम रिवील किया, सोशल मीडिया पर फैन्स और क्रिकेटर्स की बधाइयों की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने 'रिद्धिमा' नाम को बेहद खूबसूरत और प्यारा बताया। फैन्स का कहना है कि यह नाम सूर्यकुमार यादव और देविशा शेट्टी की जिंदगी में आई खुशियों को पूरी तरह दर्शाता है।

'रिद्धिमा' संस्कृत मूल का बेहद लोकप्रिय भारतीय नाम है। इसका अर्थ प्यार से भरपूर, समृद्धि, सफलता, सौभाग्य माना जाता है। यह नाम देवी लक्ष्मी और देवी सरस्वती से भी जोड़ा जाता है। बेटी के जन्म के बावजूद सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के दौरान अपनी जिम्मेदारियां भी निभाई हैं। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने मुंबई इंडियंस (MI) मैच के लिए रायपुर पहुंचे। इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट पर सूर्यकुमार यादव पैपराजी और रिपोर्टर्स को मिठाई बांटते नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ।

# रोमांचक मुकाबले में जीती चेन्नई सुपर किंग्स लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की रेस से बाहर!

**चेन्नई.एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-53 में रविवार (10 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स (एएख) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) से हुआ। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 विकेट से जीत हासिल किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने चार गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। इस हार के चलते लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई।

मौजूदा आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रदर्शन में निरंतरता देखने को नहीं मिली है। चेन्नई सुपर किंग्स ने 11 में से 5 मुकाबले गंवाए हैं और उसके 12 अंक हैं। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स ने 11 में से सिर्फ 3 मुकाबले जीते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के 6 पॉइंट्स हैं।

## उर्विल पटेल की तूफानी फिफ्टी

रनचेज में संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड ने चेन्नई सुपर किंग्स को तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 22 बॉल पर 45 रनों की साझेदारी हुई। संजू ने 14 गेंदों का सामना करते हुए 28 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। संजू को दिग्वेश सिंह राठी ने बोल्ड किया। संजू के आउट होने के बाद उर्विल पटेल क्रीज पर उतरे और उन्होंने छक्कों की बारिश कर दी। उर्विल पटेल ने 7 छक्के और एक चौके की मदद से सिर्फ 13 गेंद पर फिफ्टी पूरी कर ली। यह आईपीएल में किसी बल्लेबाज की संयुक्त रूप से सबसे तेज फिफ्टी रही। उर्विल ने राजस्थान रॉयल्स (RR) के यशस्वी जायसवाल की बराबरी कर ली, जिन्होंने साल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ 13 बॉल में ही फिफ्टी जमाई थी। उर्विल पटेल ने कुल मिलाकर 23 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिसमें 8 छक्के और दो छक्के शामिल रहे। उर्विल को शाहबाज अहमद ने अपनी फिरकी में फंसाया। शाहबाज ने फिर कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को भी बोल्ड किया, जिन्होंने 3 चौके और दो छक्के की मदद से 28 बॉल पर 42 रनों की पारी खेली।



ऋतुराज गायकवाड़ के आउट होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने मोमेंटम गंवाया। दिग्वेश सिंह राठी ने एक बेहतरीन गेंद पर डेवाल्ड ब्रेविस (10 रन) को बोल्ड किया। जबकि कार्तिक शर्मा (20 रन) तेज गेंदबाज आवेश खान का शिकार बने। यहां से शिवम दुबे (15* रन) और प्रशांत वीर (18* रन) ने सीएसके को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 203 रन बनाए। लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत तूफानी रही। जोश इंग्लिस और मिचेल मार्श ने मिलकर पहले विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की।

# 8 छक्के, 2 चौके और 13 गेंद में फिफ्टी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** आईपीएल 2026 में रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स और लखनऊ के बीच मुकाबला खेला गया। चेन्नई में खेले गए इस मैच में उर्विल पटेल का तूफान देखने को मिला। उर्विल पटेल ने इस मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से इतिहास रच दिया। उर्विल ने केवल 13 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और 23 गेंद में 65 रनों की पारी खेली।



इसके साथ ही उर्विल पटेल घ्झ्ष् इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने 11 मई 2023 को कोलकाता में राजस्थान की ओर से खेलते हुए केकेआर के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

उर्विल से पहले घ्झ्ष् में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वालों में र्ख्ष्प्ल्त का नाम शामिल था, जिन्होंने 2018 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ 14 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। इसके बाद ईॅ ण्ल्स्म्हे ने 2022 में ख्ध्िं की ओर से मुंबई इंडियंस के खिलाफ 14 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी, जबकि र्द्स्ग्द एपज्प् ने 2025 में ँ की तरफ से एएख के खिलाफ 14 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। उर्विल ने पहली ही गेंद से आक्रमण जारी रखा और केवल 13 गेंद में फिफ्टी जड़ दी। उन्होंने कुल 65 रन बनाए। और इस पारी में 8 छक्के और 2 चौके थे। यानी 56 रन केवल छक्के और चौके से आए। उर्विल की इस पारी ने इस मुकाबले को एकतरफा बना दिया।

ये मैच सीएसके के लिए प्लेऑफ की उम्मीदों के लिहाज से काफी अहम था। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रनों का लक्ष्य सीएसके को दिया था। जिसके जवाब में उर्विल की पारी ने सीएसके का काम आसान कर दिया।



## टेनिस बॉल टूर्नामेंट का समापन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अखंड धारा क्रिकेट क्लब के राहुल भाटी, रवी बैरागी ने बताया कि 4 दिवसीय खालसा क्रिकेट टेनिस बॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच राजमोहल्ला वाल्मीकि इलेवन एवं शुक्ला इलेवन छोटा बांगरडा के बीच खेला गया। विजेता टीम शुक्ला इलेवन को एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार उपविजेता टीम को 51 हजार रु. दी गई। श्रेष्ठ खिलाड़ियों को 5-5 हजार रु. के नकद पुरस्कार दिए गए।



# ख़म्बे में लगी आग देख सहमे रहवासी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में बिजली व्यवस्थाएं तेज तापमान के बीच बिगड़ती नजर आ रही है। कई डीपी, पोल में फाल्ट की शिकायतें आ रही है। कल सुदामा नगर में एक बिजली के खम्बे में आग की बड़ी लपटें उठी तो आसपास के रहवासी सहम गए। गनीमत रही कि इन लपटों ने किसी भी मकान को अपनी चपेट में नहीं लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# बहला फुसलाकर ले गए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में बहला-फुसलाकर ले जाने के तीन मामले सामने आए है। राजेन्द्र नगर पुलिस को लाक्षाबाई और लसूडिया पुलिस को पप्पू ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। उन्हें शंका है कि अज्ञात व्यक्ति उन्हें बहला-फुसलाकर ले गए। इधर भंवरकुआं पुलिस को शंकर ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनका बेटा बिना सूचना के कहीं चला गया है, उन्हें अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले जाने की शंका है। पुलिस ने तीनों ही मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# रोड पर पार्किंग को लेकर सडक पर उतरे रहवासी

## मामला अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग का, पुलिस भी पहुंची

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एबी रोड स्थित अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग के बाहर सडकों पर वाहन खडे होने की शिकायत के बाद आसपास के रहवासियों ने विरोध किया। उनका कहना था कि आम नागरिकों की गाडी अगर रोड पर खड़ी रहती है तो ट्राफिक पुलिस वाहन में लॉक लगा देती है लेकिन अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग के बाहर खडी सैकडों कारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बीती रात इसको लेकर रहवासियों ने विरोध किया। मौके पर लसूडिया पुलिस और विजय नगर एसीपी भी पहुंचे। रहवासियों का कहना है कि बिल्डिंग में देर रात तक साउण्ड भी बजता है, पीछे की ओर जनरेटर लगा होने से उससे निकलने वाला धुंआ और आवाज भी परेशान करती है। इधर बिल्डिंग के मैनेजर का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त पार्किंग है लेकिन रेनोवेशन के कारण फिलहाल कम गाडियां पार्क हो रही है।



रहवासी बोले मल्टी में बजने वाला तेज साउंड रोजाना करता है परेशान...



# बस की टक्कर से दम्पति की मौत

## लोडिंग वाहन ने ली राहगीर की जान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के ग्रामीण क्षेत्र में दो दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मानपुर थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से दम्पति की मौत हो गई। वहीं बड़गोंदा में लोडिंग वाहन ने टक्कर मारकर राहगीर को मौत की नींद सुला दिया।

मानपुर पुलिस को फरियादी मोहन पिता रामचंद्र गिनावा निवासी ग्राम रामपरिया खुर्द ने शिकायत दर्ज करवाई कि बस क्रमांक एमपी 13 झेडजी 8658 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पटेल पैलेस के सामने एबी रोड पर बाइक सवार दम्पति संजय पिता इंदरसिंह और रेखाबाई पति संजय डाबर निवासी ग्राम बुडालिया को टक्कर मार दी जिससे उन्हें गम्भीर चोंट आई। दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। वहीं बड़गोंदा पुलिस को लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 5464 के चालक की शिकायत मिली है। चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए राकेश पिता बद्रीलाल डाबर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई।



# नाबालिग को रतलाम से लाकर परिजनों से पुलिस ने मिलवाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के मध्य पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के बम्बई बाजार क्षेत्र से एक नाबालिग गलत ट्रेन में बैठ गया और वह रतलाम पहुंच गया। यह बालक घरवालों को बताए बगैर नाना-नानी के घर जाने नागपुर के लिए 29 अप्रैल को निकल गया था। पुलिस पंढरीनाथ ने गुमशुदगी दर्ज कर इसके लिए टीम लगाई थी। आखिरकार रतलाम की लोकेशन के बाद इस बालक को इंदौर लाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में टीआई सतीश पटेल एवं अनवर सैयद, दुर्गेश की भूमिका सराहनीय रही।

# टक्कर से हुई थी महिला की मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** किशनगंज पुलिस ने सीधी में रहने वाली रानू उर्फ रानी श्याम द्विवेदी की मौत के मामले में जांच की जिसमें रानू की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद आई चोट के कारण हुई है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** किशनगंज पुलिस को फरियादी सुनील पिता कैलाशचंद्र असोलिया निवासी पीथमपुर ने शिकायत दर्ज करवाई कि एसएमएल कम्पनी की नई स्कूल बस क्रमांक पीबी 07 टीसी 0964 ने बाइक से जा रहे फरियादी के जीजा विमल पिता शिवप्रसाद कौशल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे उन्हें चोंट आई।

# पुलिस ने आईपी कैमरे के लिए लिया जनसहयोग

## सिंधी समाजजनों का रहा एक लाख का सहयोग





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जूनी इंदौर पुलिस ने आईपी कैमरे लगवाने के लिए जनसहयोग लिया। सिंधी कालोनी क्षेत्र में व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी और समाजसेवियों व रहवासियों ने एक लाख रु. की राशि पुलिस को भेंट की। अब यह कैमरे क्षेत्र में लगवाए जाएंगे। ललित पारानी, जीतू चेलानी, कमलेश कालरा, खेमचंद शादीजा, महेश ढलानी, कमलेश सचदेव, मनीष रिजवानी, डॉ. वाधवानी किशन बसंतानी, सनी बलानी, महेश दलवानी, तुषार गंगवानी, सोनू लौटानी, पंकज परानी, पंकज गंगवानी, राजेश गोदवानी, राहुल रिजवानि, अमित भाटिया, महेश पारानी, अनिल लौटानी अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।



# टंकी में लगी आग पर पाया काबू

## *पुलिसकर्मी ने खाली प्लास्टिक की बाल्टी टंकी पर ढंकी और आग बुझाई, मिली प्रशंसा*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एमआर-3 क्षेत्र में एक गैस टंकी में आग लग गई। आग बुझाने की कोशिश में एक व्यक्ति झुलसा भी। पुलिस को जानकारी मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर गैस टंकी की आग को बुझाया। सबको डर था कि कहीं टंकी में ब्लास्ट ना हो जाए इसलिए लोग दूर खड़े हो गए थे। एक पुलिसकर्मी ने प्लास्टिक की खाली बाल्टी लेकर टंकी के ऊपर ढंक दी जिससे आग बुझ गई। इन पुलिसकर्मी की सभी ने सराहना की। क्योंकि टंकी फट ना जाए इस दहशत में लोगों में अफरा-तफरी मची हुई थी। रहवासियों ने पुलिसकर्मी, बीट स्टाफ, एफआरवी जवानों की प्रशंसा की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।